तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 21 दिसंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



सीमा-पार संघर्ष और वैश्विक शांति पर विद्यार्थियों ने रखे विचार

4




## खबर संक्षेप

### 1 लाख 53 हजार बच्चों को आज पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

**जांजगीर-चांपा।** जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत 21 दिसम्बर से तीन दिवसीय अभियान में 0 से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाया जायेगा। इसके तहत शहरी क्षेत्रों में 28873 बच्चे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 125041 बच्चे कुल 153941 को पोलियो ड्राप्स पिलाकर लाभान्वित किया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.के.मरकाम ने बताया कि इसके लिए जिले में 922 बूथ, ट्रांजिट दल 21, मोबाइल दल 10 जिसमें विकासखण्ड नवागढ़ के 255 बूथ, अकलतरा 154, बलौदा 175, पामगढ़ 170, बम्हनीडीह 167 बूथ बनाये गये है। ट्रांजिट टीम बस स्टैन्ड एवं रेल्वे स्टेशनों पर कार्यरत रहेंगे तथा मोबाइल टीमों द्वारा क्षेत्रों में भ्रमण कर बाहर के बस्ती क्षेत्र, मजदूरी करने वालों की अलग बसाहट ईटा भट्ठा, गिटटी खदानों, नदी किनारे के अलग से बसाहट, ग्रामों के दूरस्थ स्थान, घुमन्तू जनसंख्या का बसाहट आदि स्थानों पर रहने वालो के बच्चों को खोजकर पोलियो दवा पिलाई जावेगी। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु राजस्व, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग सहित मितानिनों, कोटवार, निजी चिकित्सालय, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों की सहभागिता लिया जाएगा।

### समर्थगुरु धारा का आध्यात्मिक सत्संग व ध्यान योग शिविर कल से

**जांजगीर-चांपा।** आध्यात्मिक चेतना, शील और संस्कार के प्रसार के उद्देश्य से समर्थगुरु धारा के तत्वावधान में आज से जांजगीर के एस.डी. पैलेस में तीन दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग एवं सिद्धार्थ ध्यान योग शिविर का भव्य आयोजन प्रारंभ हो रहा है। इस आयोजन में 500 से अधिक साधकों एवं श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ में पहली बार समर्थगुरु धारा के चार तल के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे साधकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, इससे पहले सितंबर माह में दो तल के ध्यान शिविर का सफल आयोजन किया गया था, जिसे साधकों से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। उसी कड़ी में अब इस विशेष आयोजन का विस्तार किया गया है। आज शाम 6 बजे विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

### देवरी में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान 23 को

**देवरी-सारागांव।** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर' अभियान का आयोजन जिलेभर में किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सप्ताहभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर सुशासन को बढ़ावा देने, आम जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान तथा बेहतर सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए विकासखंड मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान के तहत बम्हनीडीह विकासखंड की कुल 60 ग्राम पंचायतों को तीन जोनों में विभाजित किया गया है। प्रथम जोन का आयोजन 19 दिसंबर को तालदेवरी हाईस्कूल में 19 ग्राम पंचायतों के लिए किया गया। द्वितीय जोन का आयोजन 20 दिसंबर को हायर सेकेंड्री स्कूल सरवानी में 19 ग्राम पंचायतों के लिए किया गया। तृतीय जोन का आयोजन 23 दिसंबर को हायर सेकेंड्री स्कूल देवरी में किया जाएगा। इस जोन के लिए नोडल अधिकारी हुलासराम पटेल सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करारोपण अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी श्याम कुमार सिदार आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करारोपण अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

---

पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में दिनदहाड़े लूट की वारदात

# मशीन में रकम डाल रही महिला कर्मियों से नोटों का बंडल लूट कर नकाबपोश फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

मिनी माता चौक के पास पंजाब नेशनल बैंक के सामने स्थित एटीएम बूथ में दिन दहाड़े लूट की वारदात हो गई। एटीएम मशीन में नगदी रकम डाल रहे महिला बैंक कर्मियों से नकाबपोश लूटेरा नोटों का बंडल लूट कर फरार हो गया। लूटी गई रकम 57 हजार 200 बताई जा रही है। नकापोश लूटेरे ने महिला कर्मियों पर स्प्रे छिड़कर वारदात को अंजाम दिया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 20 दिसंबर को सुबह करीब 11 बजे मिनीमाता चौक के पास पंजाब नेशनल बैंक के सामने स्थित एटीएम बूथ में दो महिला कर्मचारी बैंक से नगदी रकम ट्रे में रखकर मशीन में डाल रहीं थी। इसी दौरान एक नकाबपोश युवक आधा खुला एटीएम के शटर से अंदर आया और महिला कर्मियों पर स्प्रे छिड़ककर ट्रे में रखा नोटों का बंडल 57 हजार 200 रुपए लेकर एटीएम के बाहर इंतजार कर रहे अपने साथी के मोटरसाइकिल में बैठकर फरार हो गया। घटनाक्रम इतनी तेजी से हुआ कि महिला कर्मियों को पहले कुछ समझ में नहीं आया एवं समझ में आने पर उन्होंने शोर मचाया लेकिन तब तक लुटेरे मोटरसाइकिल में बैठकर फरार हो चुके थे। घटना के बाद महिला कर्मियों ने शाखा प्रबंधक अरविंद मिश्रा एवं अन्य कर्मचारियों को एटीएम में हुए लूट की जानकारी दी। सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर अकलतरा पुलिस थाने में घटना की सूचना दी गई। सूचना पर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा मौके पर पहुंचे एवं सीसीटीवी फुटेज व अन्य जानकारी लेकर घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मामले को विवेचना में लिया गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए लुटेरे की तलाश में जुट गई है।




एटीएम बूथ जहां हुई लूट की वारदात।

### बैंक प्रबंधन ने किया लीपा पोती का प्रयास

पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में हुई लूट की घटना के बाद बैंक प्रबंधन के द्वारा प्रारंभ में पूरे लूट कांड पर लीपा पोती करने की का प्रयास किया गया लेकिन सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर स्पष्ट रूप से नकाबपोश लूटेरे द्वारा रकम लेकर भागने का दृश्य दिखने एवं मीडिया कर्मियों के द्वारा दबाव बनाए जाने पर मामले की सूचना पुलिस थाने में दी गई। मीडिया कर्मियों के द्वारा घटना के संबंध में पूछे जाने पर पंजाब नेशनल बैंक के जिला सिक्योरिटी प्रभारी अभिषेक तिवारी द्वारा शुरू में तो किसी भी प्रकार के लूट की घटना नहीं होने की बात कही गई। सीसीटीवी फुटेज में लूट की घटना स्पष्ट रूप से दिखाने पर ही मामले की सूचना पुलिस थाने में दी गई अन्यथा लूटी गई रकम 57 हजार 200 रुपए को बैंक कर्मचारियों के द्वारा आपस में मिलाकर एटीएम में डालकर पूरे घटनाक्रम से पल्ला झाड़ने का प्रयास किया जा रहा था।

### सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल

मिनीमाता चौक अकलतरा तरौद के पंजाब नेशनल बैंक के सामने स्थित एटीएम में शनिवार को हुई लूट की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। एटीएम में रकम डालते समय नियमानुसार एटीएम का शटर पूर्ण रूप से बंद होना चाहिए, लेकिन पंजाब नेशनल बैंक की महिला कर्मी एटीएम का शटर खोलकर रकम एटीएम में डाल रही थी। रकम डाले जाने के दौरान एटीएम के बाहर बंदूकधारी सुरक्षा गार्ड उपस्थित होने का नियम है लेकिन पीएनबी एटीएम के सामने कोई सुरक्षा गार्ड उपस्थित नहीं था। सुरक्षा गार्ड नहीं होने की स्थिति में कम से कम एक दो बैंक कर्मियों को एटीएम के सामने रहना था लेकिन ऐसा भी नहीं हुआ जिसके चलते लुटेरे आसानी से रकम लूटकर फरार हो गए।

### बंदूकधारी गार्ड नहीं

एटीएम में राशि डालते समय नकाबपोश के द्वारा बैंक कर्मियों को धक्का देकर 57 हजार 200 रुपए की लूट हुई है। विगत कुछ वर्षों से ऑनलाइन व्यवस्था होने के बाद उच्च कार्यालय से बंदूकधारी सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था नहीं है।

-अरविंद मिश्रा
शाखा प्रबंधक
पंजाब नेशनल बैंक मिनीमाता चौक तरौद

---

# जनादेश परब : सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से होगी कड़ी निगरानी

## सुरक्षा के मद्देनजर रूट चार्ट और पार्किंग स्थल तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "जनादेश परबः विश्वास, निर्माण, गौरव" कार्यक्रम का आयोजन 22 दिसंबर को जांजगीर में किया जाएगा। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा मुख्य अतिथि होंगे। वहीं मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल कार्यक्रम में शामिल होगा। कार्यक्रम में सुरक्षा के मद्देनजर सीसी टीवी कैमरे और ड्रोन से कड़ी निगरानी की जाएगी। वहीं आवागमन को व्यवस्थित करने रूट चार्ट और पार्किंग स्थल भी तय कर लिया गया है।

पुलिस लाइन ग्राउंड जांजगीर में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं आमसभा के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतज़ाम किये जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है। वरिष्ठ नेताओं के कार्यक्रम के मद्देनजर चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे से कड़ी निगरानी रखी जाएगी। वहीं भीड़ को व्यवस्थित करने और आवागमन को सुचारू करने के मद्देनजर 19 पार्किंग स्थल बनाए गए है। साथ ही वाहनों के लिए रूट चार्ट भी तय कर लिया गया है। सक्ती, बाराद्वार, रायगढ की ओर से कार्यक्रम में आने वालों के वाहन सुकली चौक हाइवे से पेण्ड्री होते हुए पार्किंग स्थल कृषि उपज मंडी, कीनाराम स्कूल, निर्मय और पालीटेक्नीक में पार्किंग करेंगे। वहीं अकलतरा और बिलासपुर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए खोखरा हाइवे चौक से पामगढ रोड में क्रिकेट स्टेडियम व उसके पास पार्किंग स्थल बनाया गया है।




पुलिस परेड ग्राउंड में मुख्य मंच में आमंत्रित अतिथियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था होगी। टीसीएल कॉलेज के मैदान में मंच के सामने एमआईपी सेक्टर एवं हेलीपैड स्वागत वालों के लिए, पुलिस कॉलोनी के सामने मैदान में मीडिया एवं प्रशासनिक अधिकारियों के लिए पार्किंग स्थल बनाया गया है। खोखरा जेल परिसर मैदान में पुलिस वाहनों की पार्किंग होगी। कृषि उपज मंडी में जांजगीर, बलौदा, कोरबा, चांपा,रायगढ़ की ओर से आने वाले आम जनों के वाहनों की पार्किंग की जाएगी। अनुसूचित जाति छात्रावास के बाजू में अकलतरा, मुलमुला, बिलासपुर की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग होगी। आत्मानंद स्कूल क्रमांक-02 में अकलतरा, मुलमुला, बिलासपुर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए, क्रिकेट स्टेडियम में मुलमुला, अकलतरा, बिलासपुर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए खोखरा पानी टंकी के सामने पामगढ़, बलौदा बाजार, रायगढ़, बिलासपुर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए, पुलिस निलयम कॉलोनी के सामने जांजगीर, केरा, रायगढ़, शिवरीनारायण की ओर से आने वाले वाहनों के लिए, बाबा कीनाराम स्कूल मैदान में जांजगीर, केरा, रायगढ़, शिवरीनारायण की ओर से आने वाले वाहनों के लिए, तिरुपति राइस मिल के सामने अकलतरा, मुलमुला, बिलासपुर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए, बिजली ऑफिस में धाराशिव, खोखरा, पामगढ़, बलौदा बाजार, बिलासपुर, रायगढ़ की ओर से आने वाले वाहनों के लिए, मुनुद चौक मैदान में चांपा, केरा, रायगढ़, शिवरीनारायण की ओर से आने वाले वाहनों के लिए , सुकली चौक मैदान में चांपा, केरा, रायगढ़, शिवरीनारायण की ओर से आने वाले वाहनों के लिए, पालटेक्नीक कालेज मैदान में चांपा, केरा, रायगढ़, शिवरीनारायण की ओर से आने वाले वाहनों के लिए, बिजली ऑफिस के सामने मैदान में जांजगीर, बलौदा, कोरबा, चांपा की ओर से आने वाले वाहनों के लिए, चर्च के पास मैदान में जांजगीर, बलौदा बाजार, कोरबा, चांपा की ओर से आने वाले वाहनों के लिए सी मार्ट कचहरी चौक में जांजगीर, बलौदा बाजार, कोरबा, चांपा की ओर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था बनाई गई है।

---

# जिले में 8 नव चयनित आरक्षकों को दिया गया नियुक्ति पत्र



चयनित आरक्षकों को नियुक्ति प्रत्र प्रदान करते एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में आरक्षक जीडी व ट्रेड के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर-चांपा में औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने चयनित 8 अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश सौंपते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि पुलिस सेवा गौरव के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी नव नियुक्त आरक्षकों से ईमानदारी, अनुशासन एवं निष्ठा के साथ कर्तव्यों के निर्वहन तथा आम जनता की सेवा व कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्थापना प्रभारी कृष्ण साहू भी उपस्थित रहे। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में उत्साह, गर्व और आत्मविश्वास का माहौल देखने को मिला। नियुक्ति प्राप्त अभ्यर्थियों में नूतनराम पटेल, प्रमोद कुमार, शिवनारायण कुम्भकार, अविनाश कुमार राठौर, भगत कुमार पटेल, देवश कुमार, नंद किशोर लसार, नैना जाहिरे के नाम शामिल है। एपी ने नव नियुक्त आरक्षकों से ईमानदारी, अनुशासन एवं निष्ठा के साथ कर्तव्यों के निर्वहन तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### 170 बूथ में पोलियों की दवा पिलाई जाएगी आज

**मालखरौदा।** पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष के 14757 बच्चों को रविवार 21 दिसंबर को 170 बूथों में पल्स पोलियो की 2 बूंद दवा पिलाई जाएगी। बूथ की निगरानी के लिए 34 बूथ पर्यवेक्षक की ड्यूटी लगाई गई है । विकासखंड स्तर पर बीएमएमओ, बीपीएम और बीईटीओ के द्वारा दौरा कर सतत निगरानी रखी जाएगी। खंड चिकित्सा अधिकारी मालखरौदा डॉ मृत्युंजय राठौर ने अपील किया है कि 0 से 5 वर्षो के सभी बच्चों को पोलियो बूथ में ले जाकर पल्स पोलियो की 2 बूंद दवा अवश्य पिलाए। बूथ की निगरानी के लिए 34 बूथ पर्यवेक्षक की ड्यूटी लगाई गई है । इसके लिए 170 पोलियो बूथ बनाए गए है।

# कोठार में लगी आग, 40 ट्रैक्टर से अधिक पैरा जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम किरारी में कोठार में आग लग गई। आगजनी से कोठार में रखा 40 ट्रैक्टर से अधिक पैरा जलकर खाक हो गया। दमकल की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी का कारण अज्ञात है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 20 दिसंबर को ग्राम पंचायत किरारी के बेलवा पारा के बद्री कश्यप एवं परमेश्वर गीर के कोठार में रखें पैरा में भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना ग्रामीणों को पता चली तो उसे बुझाने के लिए टूल्लू पंप एवं अन्य माध्यम से बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। देखते देखते पूरे पैरावट में आग लग गई । ग्राम वासियों के द्वारा 112 जांजगीर नगरपालिका एवं जेएसडब्ल्यू वर्धा पावर प्लांट को सूचना दिये जाने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी किरारी पहुंची तब तक कोठार के सभी पैरा में आग लग चुकी थी। फायर ब्रिगेड के टीम द्वारा बड़ी मुश्किल से आग में काबू पाया गया तब तक के लगभग 40 ट्रैक्टर से अधिक पैरा जलकर खाक हो गया । कोठार में आगजनी का कारण अज्ञात है। समय पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से अन्य जन धन की हानि होने से बच गई। ऐसी घटना किरारी में यह दूसरी बार है इसके पूर्व भाटापारा में सत्यम साहू के घर के सामने रखे पैरावट में आग लग गई थी। ग्राम वासियों ने बताया कि खेतों में धान की कटाई के बाद बचे हुए पराली में आज लगाई जा रही है। जिसके चलते क्षेत्र में आए दिन आगजनी की घटना घट रही है। क्षेत्र वासियों के द्वारा प्रशासन एवं पुलिस का ध्यान आकर्षित करते हुए खेतों में पराली जलाने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।



पैरावट में लगी आग।

# बहेराडीह किसान स्कूल में महोत्सव 23 को

**बहेराडीह।** बहेराडीह स्थित देश के पहले किसान स्कूल में राष्ट्रीय किसान दिवस और किसान स्कूल के स्थापना दिवस के अवसर पर 23 दिसम्बर को किसान महोत्सव' दोपहर 1 बजे से आयोजित होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात कवि व गीतकार मीर अली मीर होंगे. अध्यक्षता सांसद कमलेश जांगड़े करेंगी. अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर के डॉ. संजय शेखर एवं छग राज्य हथकरघा संघ के अध्यक्ष भोजराज देवांगन मौजूद रहेंगे. विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला पंचायत की अध्यक्ष सत्यलता मिरी, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, छग पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. सोमनाथ यादव, रायगढ़ भाजपा के जिला प्रभारी प्रशांत सिंह और भाजयुमो सक्ती के जिलाध्यक्ष आलोक पटेल मौजूद रहेंगे। यहां किसानों को 18 विषयों में निःशुल्क जानकारी और ट्रेनिंग दी जाती है. किसानों के द्वारा स्थापित देश के पहले इस अनोखे किसान स्कूल के नवाचार ने देश-दुनिया में बड़ी पहचान बना ली है। स्कूल-कॉलेज के शैक्षणिक भ्रमण का यह प्रमुख केंद्र बन गया है।

# धान खरीदी केंद्र पिहरीद में हमाल और किसानों के बीच हुई जमकर मारपीट

**जांजगीर- चांपा।** सक्ती जिले के पिहरीद धान खरीदी केन्द्र में धान तौल और खरीदी बंद कराने को लेकर हमाल और किसानों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि मंडी परिसर में सैकड़ों किसान घुस आए और भारी हंगामा खड़ा हो गया। किसान और हमाल एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। किसानों का कहना है कि उनसे तय मात्रा से अधिक धान तौला जा रहा था, जिसे लेकर पहले भी आपत्ति दर्ज कराई गई थी। गौरतलब है कि 3 दिन पहले भी किसानों ने धान खरीदी में अनियमितता और मंडी प्रभारी को हटाने की मांग को लेकर आंदोलन किया था। विवाद बढ़ने के बाद धान खरीदी प्रभारी ने इस्तीफा दे दिया है। मौके की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल, तहसीलदार और एसडीएम मौके पर तैनात हैं। हालांकि, पिहरिद धान खरीदी केंद्र के बाहर अब भी किसान डटे हुए हैं और अलग से नया धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन और पुलिस हालात पर नजर बनाए हुए है।

1 करोड़ से अधिक की लागत से पूरा हुआ निर्माण कार्य

# जर्जर मार्ग से मिली मुक्ति, नहर पार में बनी चमचमाती सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के वार्ड क्रमांक 18 में यादव चौक से खोखसा मुख्य मार्ग तक नहर पार में चमचमाती सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। 1 करोड़ 8 लाख की लागत से 2 किमी तक नई सड़क बनने से यहां आने जाने वालों को अब जर्जर मार्ग से मुक्ति मिली है।

शहर के रमन नगर वार्ड क्रमांक 18 में बिरगहनी वितरक शाखा नहर पार में 2 किमी डामरीकृत सड़क निर्माण की स्वीकृति शासन से मिली थी। इस कार्य के लिए 1 करोड़ 8 लाख रुपए का बजट स्वीकृत हुआ था। जिससे बिरगहनी वितरक शाखा नहर के बायी तट में आरडी जीरो से 1 हजार मीटर एवं दायी बैंक में आरडी 1150 मीटर से आरडी 2070 मीटर तक पक्की सड़क का निर्माण कार्य कराया गया है। जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी पीके तिवारी ने बताया कि यह नहर पार पहले अत्यंत जर्जर था। यहां नहर पार में डामरीकृत सड़क निर्माण की स्वीकृति शासन से मिली। जिसके बाद विधिवत प्रक्रिया अनुसार सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया गया। वर्तमान में मुख्य शाखा नहर से बिरगहनी वितरक शाखा नहर पार में यादव चौक से लेकर खोखसा मुख्य मार्ग तक 2 किमी दूर सड़क निर्माण का कार्य पूरा हो गया है। 1 करोड़ 8 लाख की लागत से 2 किमी तक नई सड़क बनने से यहां आने जाने वालों को अब जर्जर मार्ग से मुक्ति मिली है।



नहर पार में बनी चमचमाती सड़क।

### जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य पद पर आवेदन 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** पंचायत संचालनालय अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत जिले में रिक्त संविदा पदों जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र पर भर्ती हेतु 29 दिसम्बर तक सायं 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन केवल डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश जिले की वेबसाइट तथा जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सूचना पटल से प्राप्त किए जा सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन 29 दिसंबर की शाम तक स्वीकार किए जाएंगे।


जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 7 ट्रेनें हुई रद्द, 26 जनवरी से 14 फरवरी तक ट्रेने रहेगी कैंसल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 7 ट्रेनों को कैंसिल किया गया है। ये गाड़ियां 26 जनवरी से 14 फरवरी तक अलग-अलग दिनों में रद्द रहेगी। दरअसल दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के काजीपेट बल्लारशाह सेक्शन में तीसरी लाइन और नई लाइन की कमीशनिंग को लेकर नॉन-इंटरलॉकिंग का काम किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, राजनांदगांव के आने-जाने वाले यात्री प्रभावित होंगे। रेलवे प्रशासन का कहना है कि रेलवे बोर्ड की ओर से अलग-अलग जोन में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम तेजी से किया जा रहा है, ताकि यात्री सुविधाओं का विस्तार हो सके। इस काम के चलते कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है। कुछ ट्रेनों को रद्द की गई हैं, जबकि कुछ ट्रेनों के रूट में परिवर्तन और देरी की गई है। 27 जनवरी, 3-10 और 13 फरवरी को यशवंतपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12251 यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। यह गाड़ी काचीगुड़ा-निजामाबाद जंक्शन-मुदखेड़ जंक्शन-पिंपलखुटी-नागपुर-दुर्ग-बिलासपुर के रास्ते सिकंदराबाद पहुंचेगी।

### अंतर्राष्ट्रीय मंगल पाठ और भजनोत्सव 27 से, निकलेगी शोभायात्रा

**कोरबा।** औद्योगिक नगरी कोरबा में नमो नारायणी समिति के तत्वाधान में आगामी 27 और 28 दिसम्बर को भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। शहर के जश्न रिसॉर्ट, राताखार में 39वें अंतर्राष्ट्रीय मंगल पाठ और भव्य भजनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय धार्मिक समागम में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में दादी भक्त शिरकत करेंगे। उत्सव का शुभारंभ 27 दिसंबर को सुबह 9 बजे श्री पंचदेव मंदिर पुराना बस स्टैंड से होगा। यहां से एक विशाल शोभायात्रा और पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में 601 मनोकामना निशान और 151 कलश आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों पुराना बस स्टैंड, पावर हाउस रोड और सुनालिया ज्वेलर्स से होते हुए जश्न रिसोर्ट पहुँचेगी। शाम 4 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें ख्यातिलब्ध गायक तेजस राणा, मनोज शर्मा, प्रियंका गुप्ता और अपर्णा अग्रवाल अपनी सुमधुर आवाज में दादी का गुणगान करेंगे। रविवार को कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 3100 महिलाओं द्वारा सामूहिक मंगल पाठ होगा। अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक और मंगल पाठ वाचक केशव सौरभ मधुकर के सानिध्य में संगीतयमय मंगल पाठ का वाचन किया जाएगा। दादी जी को सवामणि एवं 56 भोग अर्पित किया जाएगा। विभिन्न आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी। चुनरी समर्पण और 12 महीनों के त्योहारों का प्रतीकात्मक मंचन होगा।

### केन्द्रीय विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 गोपालपुर में 37वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम राजीव कुल्हारी कमांडेड केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के एचटीपीपी दर्री यूनिट कोरबा के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ.श्रीमती फरहाना अली, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला स्याहीमुडी सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं बीएस अहीरे प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बालक बालिकाओं ने कथक नृत्य के साथ मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत किया। इसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा शिक्षण सत्र 2024-25 के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के 10वीं एवं 12वीं विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय के टॉपर छात्र छात्राओं सहित सम्भागीय एवं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को ट्रॉफी प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके बाद छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दिया। लोक नृत्य के क्रम में छत्तीसगढ़ी, उड़िया, तमिल, पंजाबी सॉन्ग पर प्रस्तुत किया। बाल वाटिका के बच्चों ने एक्शन नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। मोबाइल के दुष्प्रभाव को दर्शाने वाला नृत्य नाटिका ने दर्शकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम में एसके विश्वकर्मा, विनोद कुमार वर्मा, रोशन लकरा, रेनू कुमारी, जयश्री रावतकर, शालिनी देवांगन, विवेक कुमार, दिनेश प्रजापति, ख्याति पाठक, ईश्वरी रजक, अनु जांगला, साहिल चौधरी, रितु, कल्पना, चंचल, चारू सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**कोरबा।** भैंसमा कॉलेज में पढ़ने वाला एक युवक ने सीएसईबी चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 दिसंबर को कोरबा सतनामी समाज का शोभायात्रा रैली में शामिल था। युवक अपने दोस्तों के साथ रैली में नाच गाना कर रहे थे, तभी रात्रि करीबन 9.30 बजे शोभायात्रा जैसे ही रैली टीपी नगर पॉम मॉल के पास पहुंची। तभी टीपी नगर पॉम मॉल के सामने एम 2 डीजे के संचालक बंटी चौहान को उसके स्टेज पर चढ़कर कोई दूसरा गाना बजाने के लिये बोला इतने में स्टेज टूट गया तब एम डीजे का संचालक बंटी चौहान एवं उसके साथी मिलकर युवक को स्टेज तोड़ दिए कहकर गंदी गंदी अश्लील गाली गलौच करते हुए मारपीट किये। मारपीट के दौरान युवक हाथ में पहना हुआ एक चांदी का चूड़ा तथा गले में पहना हुआ सोने का चैन कहीं गिर गया है। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# शहर में गूंजा मैरी क्रिसमस, मसीही समाज ने निकाली प्रेम जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव क्रिसमस का उत्साह ऊर्जाधानी में अपने चरम पर है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मसीही समाज के तत्वाधान में एक विशाल प्रेम जुलूस का आयोजन किया गया। शहर की सड़कों पर जब हजारों की संख्या में समाज के लोग उतरे तो पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास के रंगों में सराबोर हो गया।

अलग खबर

जुलूस की शुरुआत शाम 4 बजे कोरबा शहर स्थित मुख्य चर्च से हुई। पारंपरिक वेशभूषा और हाथों में शांति व प्रेम के संदेश लिए मसीही समाज के लोग बर्थ डे टू यू जीसस के नारों के साथ आगे बढ़े। यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ घंटाघर चौक पहुंचा, जहां समापन पर प्रभु यीशु के शांति और मानवता के संदेशों का वाचन किया गया। जुलूस का आकर्षण इसकी भव्यता थी। आधुनिक डीजे सिस्टम, आकर्षक लाइटिंग और मसीही गीतों की मधुर धुनों ने समां बाँध दिया। युवा और बच्चेः सिर पर सांता क्लॉज वाली लाल टोपी पहने हुए गीतों पर थिरकते नजर आए। पूरे उत्साह के साथ प्रभु की वंदना करते हुए चल रहे थे। खास बात यह रही कि इस आयोजन में केवल शहर ही नहीं, बल्कि पूरे कोरबा जिले से मसीही समाज के लोग अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पहुँचे थे। भीड़ और उत्साह के बावजूद यह विशाल जुलूस पूरी तरह से अनुशासित और शांतिपूर्ण रहा। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि इस जुलूस का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारा और प्रभु यीशु के प्रेम के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

### लाल टोपियों और गीतों की धुन पर झूमे शहरवासी

**खास बातें**

- मसीही समाज जुटा क्रिसमस की तैयारी में
- चर्चों में की गई सजावट, हो रही प्राथना सभा



## एसईसीएल के 5 हजार सहित कोल इंडिया के 14 हजार सेवानिवृत्त कर्मी ग्रेच्युटी भुगतान से वंचित

# कोल इंडिया के सेवानिवृत्त कर्मियों को 20 लाख ग्रेच्युटी भुगतान का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोल इंडिया की विभिन्न अनुषांगिक इकाईयों से सेवानिवृत हुए लगभग 14 हजार कोलकर्मी 20 लाख रुपये ग्रेच्युटी भुगतान से वंचित हैं। पिछले चार-पांच साल से लगातार इसको लेकर कोल इंडिया प्रबंधन के समक्ष मांग उठाई जाती रही है, लेकिन मजदूर संगठन से जुड़े नेताओं को इसमें सफलता नहीं मिली है।

ग्रेच्युटी की राशि के भुगतान के मामले को लेकर कुछ श्रमिकों ने न्यायालय में भी गुहार लगायी थी। इसके तहत कुछ माह पहले एएलसी नागपुर ने एक आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि जनवरी 2017 से फरवरी 2018 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को ग्रेच्युटी की अंतर राशि का भुगतान करना है। दो महीने के अंदर राशि का भुगतान नहीं किया गया तो 10 फीसदी ब्याज के साथ कंपनी को भुगतान करना होगा। इस आदेश से सेवानिवृत्त कर्मियों में आस जगी। इसके भुगतान की प्रक्रिया क्या होगी, इसका निर्णय जेबीसीसीआइ नेताओं और कोल इंडिया प्रबंधन को करना था। उस वक्त मजदूर संगठन से जुड़े नेताओं का कहना था कि एएलसी नागपुर द्वारा दिये गये आदेश की स्टडी की जा रही है, लेकिन आज तक यह मामला अधर में है। सूत्रों की मानें तो 14 हजार सेवानिवृत्त कोलकर्मियों को अंतर राशि का भुगतान किया गया तो कोल इंडिया को लगभग 900 करोड़ रुपये लगेंगे। प्रबंधन का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा 20 लाख रुपया ग्रेच्युटी राशि करने से संबंधित एक्ट में संशोधन फरवरी 2018 से हुआ है। इसलिए मार्च 2018 से बढ़ी हुई ग्रेच्युटी की राशि दी जा रही है। दूसरी ओर श्रमिक संगठन से जुड़े नेताओं का कहना है कि एक जनवरी 2017 को कोयला अधिकारियों के लिए थर्ड पे कमीशन आया। इसके बाद कोल इंडिया के अधिकारियों को एक जनवरी 2017 से 20 लाख रुपया ग्रेच्युटी राशि के रूप में भुगतान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जनवरी 2017 से लेकर फरवरी 2018 के बीच सेवानिवृत्त होने वाले कोलकर्मियों की संख्या 14 हजार के करीब है, इसमें सबसे ज्यादा लगभग 8 हजार कर्मी सीसीएल, एसईसीएल, बीसीसीएल व इसीएल के हैं।

### क्या है मामला

केन्द्र सरकार द्वारा ग्रेच्युटी संबंधित एक नोटिफिकेशन वर्ष 2018 में जारी किया गया था। इसमें ग्रेच्युटी भुगतान का सीलिंग 10 लाख रुपये से बढ़ा कर 20 लाख की गयी थी। इसके तहत कोल इंडिया में जनवरी 2017 से लेकर फरवरी 2018 के बीच सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों व कर्मियों को लाभान्वित होना चाहिए था, मगर कोल इंडिया ने जनवरी 2018 में एक आदेश जारी कर बताया कि एक जनवरी 2017 से फरवरी 2018 के बीच में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को ग्रेच्युटी के एरियर का 20 लाख रुपया भुगतान किया जायेगा।

### कामन चार्टर ऑफ डिमांड में शामिल है मांग

एटक नेता व जेबीसीसीआइ सदस्य लखनलाल महतो ने कहा है कि 20 लाख ग्रेच्युटी भुगतान का मामला चारों ट्रेड यूनियनों के कोल इंडिया प्रबंधन को 11वां वेतन समझौता को लेकर दिये गये कॉमन चार्टर ऑफ डिमांड में शामिल है। मामले को समय-समय पर कोल इंडिया एपेक्स व जेबीसीसीआइ मानकीकरण कमेटी में उठाया भी जा रहा है। एएलसी नागपुर द्वारा दिये गया आदेश हमलोगों के संज्ञान में है।

# आज से शुरू होगा समर्थगुरु धारा का आध्यात्मिक सत्संग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आध्यात्मिक चेतना, शील और संस्कार के प्रसार के उद्देश्य से समर्थगुरु धारा के तत्वावधान में रविवार से तीन दिवसीय सत्संग एवं सिद्धार्थ ध्यान योग शिविर का भव्य आयोजन एसडी.पैलेस जांजगीर में किया जा रहा है।



**लगेगा तीन दिवसीय सिद्धार्थ ध्यान योग शिविर**

छत्तीसगढ़ में पहली बार समर्थगुरु धारा के चार तल के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, जिसे लेकर साधकों एवं आध्यात्मिक जिज्ञासुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।शाम 6 बजे विश्व ध्यान दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पूर्व सितंबर माह में दो तल तक के ध्यान शिविर का सफल आयोजन किया जा चुका है, जिसमें बड़ी संख्या में साधकों ने सहभागिता की थी। उस आयोजन को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद अब इस आध्यात्मिक श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ की धरती पर यह विशेष आयोजन किया जा रहा है। 6 दिवसीय इस आयोजन में रविवार को शील और संस्कार जीवन का आधार विषय पर सत्संग, ध्यान एवं प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय आश्रम मुरथल से आए मुख्य आचार्य आचार्य कुलदीप एवं आचार्य संजिला के सान्निध्य में साधकों को ध्यान,साधना,समाधि के गूढ़ विधियों से परिचित कराया जाएगा। सत्संग एवं प्रश्नोत्तर के माध्यम से जीवन को सहज, सरल और आनंदमय बनाने के सूत्र साझा किए जाएंगे। इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन के आयोजक आचार्य डॉ. कैलाश राय सिंह, समर्थगुरु साधना केंद्र चाम्पा एवं उनके सहयोगी साधकों की टीम कर रही है।

# गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़िता के परिजनों ने एसपी से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनबांधां में एक घटना सामने आई है, जहां एक युवक ने एआई का दुरुपयोग कर 15 साल की नाबालिग छात्रा को ब्लैकमेल कर रहा था। युवक ने छात्रा की तस्वीरों और वीडियो को एआई की मदद से अश्लील बनाकर उसे डराया-धमकाया था। परिजनों के शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रतिराम यादव के विरूद्ध धारा 79, 351(2), 67, 67 (बी) बीएनएस एवं 12 लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी में जुट गई। मामले में अपराध पंजीबद्ध होने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीडित परिवार चैतमा चौकी पहुंचकर आरोपी रतिराम यादव की गिरफ्तारी की मांग करने लगे थे लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीड़िता के परिजन शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे थे जहां आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

### आबकारी की टीम पहुंची, शराब पकड़ने ग्रामीणों ने घेरा

**कोरबा।** आबकारी की टीम शराब पकड़ने के लिए एक गांव पहुंची हुई थी। जहां शराब पकड़ने पहुंची टीम को ग्रामीणों ने घेर लिया और जमकर हंगामा शुरू कर दिया। फिर क्या था घंटों हंगामा होता रहा जैसे ही इसकी सूचना पुलिस को मिली। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइए के बाद आबकारी टीम वापस लाया गया। जहां आबकारी की टीम ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच शुरु कर दी है। देर रात तक इस मामले में ग्रामीणों के खिलाफ अपराध दर्ज हो सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग की टीम शुक्रवार की शाम उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैंसमा के पहरीपारा पहुंची हुई थी ।

# जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन पर रहेगा फोकस : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत।

जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन पर विशेष फोकस रहेगा। आम जनता के लिए शासन की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने का प्रयास रहेगा। डीएमएफ में पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। साथ ही डीएमएफ के सभी कार्यों की जानकारी पोर्टल में अपलोड करने की व्यवस्था की जाएगी।

उक्त बातें जिले के नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। श्री दुदावत ने कहा कि डीएमएफ में पारदर्शिता के साथ काम किया जाएगा। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। डीएमएफ से जुड़े किसी भी कार्य में गड़बड़ी की शिकायत सीधे मुझे फोन कर या फोन पर संपर्क नहीं होने पर वाट्सअप के जरिये दिया जा सकता है। हमारा प्रयास रहेगा कि जिले में खेल व शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए। जिला व ब्लॉक स्तर पर प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए ग्राउंड व सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर समीक्षा की जाएगी। जिले में बढ़ते प्रदूषण को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। एनजीटी व शासन के नियमानुसार राखड़ परिवहन और अन्य कार्य किये जा रहे हैं कि नहीं इसकी समीक्षा की जाएगी। इसके पूर्व जब मैं दंतेवाड़ा में पदस्थ था वहां भी डीएमएफ के तहत विकास कार्य कराएं गए हैं। जिले में भी डीएमएफ के कार्यों को लेकर सामंजस्य बनाकर काम करेंगे। आरटीआई को लेकर किए गए सवाल के जवाब पर कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि यह आम लोगों का अधिकार है जिसका उन्हें प्रयोग करना चाहिए। कलेक्ट्रेट परिसर में पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था व इलेक्ट्रानिक चैनलों को बाइट लेने के लिए एक अधिकारी की नियुक्ति पर उन्होंने चर्चा कर निर्णय लेने की बात कही। जिले के 19वें कलेक्टर के रूप में वर्ष 2017 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान डीएफओ कटघोरा कुमार निशांत, डीएफओ प्रेमलता यादव, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, एसडीएम सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत इससे पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य के कोंडागांव एवं दंतेवाड़ा जिलों में कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्ष 2015 में उनका चयन भारतीय पुलिस सेवा के लिए हुआ, साथ ही भारतीय वन सेवा में भी उनका चयन हुआ था। आईपीएस प्रशिक्षण के दौरान ही उन्होंने यूपीएससी का तीसरा प्रयास दिया और 669वीं रैंक के साथ भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित हुए। कुणाल दुदावत ने 11 दिसंबर 2017 को आईएएस सेवा जॉइन की। उनकी फील्ड ट्रेनिंग बिलासपुर जिले में सहायक कलेक्टर के रूप में हुई। इसके पश्चात वे बिलासपुर जिले के कोटा अनुविभाग में एसडीएम तथा महासमुंद जिले के सरायपाली अनुविभाग में एसडीएम के रूप में पदस्थ रहे। बाद में उनकी नियुक्ति कोरिया जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर हुई। इसके बाद वे बिलासपुर नगर निगम आयुक्त एवं बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक के रूप में पदस्थ रहे।

**आम सूचना ईश्तहार**
**(नाम परिवर्तन सूचना)**


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथकर्ता फूलचंद पिता स्व. खीखराम, जाति सूर्यवंशी, निवासी ग्राम सेवई, तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैं अपनी पुत्री के पुराना नाम मधु पैगवार (Madhu Paigwar) पिता फूलचंद पैगवार (Fulchand Paigwar) को त्याग कर नया नाम अंकिता (Ankita) पिता फूलचंद (Fulchand) रखा लिया हूं अतः आज से मेरी पुत्री के समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में उसके नये नाम अंकिता (Ankita) पिता फूलचंद (Fulchand) से ही जाना पहचाना जाये। अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा मेरी पुत्री के नाम परिवर्तन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है अगर किसी व्यक्ति संस्था बैंक आदि को किसी प्रकार आपत्ति है तो 15 दिवस के भीतर दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकता है मौखिक आपत्ति को किसी प्रकार से मान्य नहीं किया जावेगा। इसके बाद की गई आपत्ति पर कोई सुनवाई और विचार नहीं किया जावेगा।

सो सूचना प्राप्त करें।

स्थान-जांजगीर
दिनांक-

भवदीय
फूलचंद पिता स्व. खीखराम
निवासी ग्राम सेवई पोस्ट-कुटरा,
तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर
चांपा (छ.ग.) मो.नं.-9329734304






# वॉर ड्रामा फिल्म इक्कीस में दिखी धर्मेंद्र की झलक

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' अब इस साल रिलीज न होकर नए साल पर रिलीज हो रही है। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म का अब फाइनल ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर पहले भी आ चुका है, लेकिन अब ये फाइनल ट्रेलर आया है। 2 मिनट 11 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत की आवाज से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे, लेकिन उस एक लड़के ने हमारी तकदीर ही बदल दी।' इसके बाद ट्रेलर में युद्ध के जबरदस्त सीन और गोलियों और बम के धमाकों की आवाजें सुनने व देखने को मिलती हैं। सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के किरदार में अगस्त्य नंदा सेना की वर्दी में जचते हैं। ट्रेलर के अंत में धर्मेंद्र नजर आते हैं और बैकग्राउंड में 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' गाना बजता है।

लाइफ Style

# राधिका
## मैं 16 घंटे काम नहीं कर सकती

राधिका आप्टे भी वर्किंग आवर को लेकर चल रही बहस में शामिल हो गई हैं। अब उन्होंने भी दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर सहमति जताते हुए अपनी बात रखी है। राधिका ने यहां तक कह दिया कि जब तक कि प्रोड्यूसर्स 12 घंटे की शिफ्ट से सहमत न हों वो काम नहीं कर पाएंगी। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और अब इस डिमांड में एक और फीमेल बॉलीवुड एक्ट्रेस शामिल हो गई हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

पिछले कुछ महीनों से मां बनने के बाद काम के घंटों की लेकर बहस ने जोर पकड़ रखी है। हाल ही में राधिका ने अपनी बेटी का पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया है। महिला एक्ट्रेसेस खासकर न्यू मॉम्स के लिए काम के घंटों पर बहस पिछले कुछ महीनों से लगातार चल रही है। इसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण की तरफ से कथित तौर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट ' से वर्किंग आवर को लेकर 8 घंटे की मांक से शुरू हुई, जिसके बाद खबर आई कि मेकर्स ने उन्हें फिल्म से आउट कर दिया। अब राधिका आप्टे ने इस मांग पर सहमति जताई और खुशी भी कि आखिरकार इस विषय पर बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, 'मैं तब तक काम नहीं कर पाऊंगी जब तक मेकर्स 12 घंटे की शिफ्ट के लिए सहमत नहीं हो जाते। 12 घंटे से मेरा मतलब है, पूरी शिफ्ट यानी जिसमें मेकअप और हेयर स्टाइल सब हो। वर्ना हम असल में 16 घंटे काम कर रहे होते हैं, क्योंकि तब आपको कम से कम 14 घंटे सेट पर रहना पड़ता है, जिसमें हेयर स्टाइल, मेकअप और शिफ्ट का कुछ और काम शामिल है। इसके बाद आपको कम से कम डेढ़ घंटे का ट्रैवल करना पड़ता है, चाहे आप कहीं से भी काम कर रहे हों।' राधिका ने कम के तय समय पर जोर देते हुए कहा कि आप 16 घंटे तक घर से दूर नहीं रह सकते, वरना आप अपने बच्चे को कभी देख ही नहीं पाएंगे।



## हॉलीवुड मसाला



# धुरंधर के गाने पर झूमे निक जोनस

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड म्यूजिक की दीवानगी अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका जादू इंटरनेशनल भी साफ नजर आता है। हाल ही में नया मामला मशहूर सिंगर और प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस और उनके भाई जो और केविन जोनस का है, जिन्होंने अपने कॉन्सर्ट से पहले जोश बढ़ाने के लिए एक हिंदी फिल्म का गाना चुना है। खास बात यह है कि यह गाना आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का ट्रैक 'शरारत' है, जो इन दिनों दुनियाभर में सुर्खियां बटोर रहा है। निक जोनस ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने भाइयों के साथ स्टेज पर जाने से पहले 'शरारत' गाने पर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।



# कैप्टन अमेरिका के तौर पर वापसी करेंगे क्रिस

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' का पहला टीजर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार-फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दर्शकों को देखने को मिला। इस टीजर से दर्शकों को हिंट मिला है कि फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इवांस की वापसी हो सकती है। एवेंजर्स सीरीज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्स डे' को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। इसमें उनके लिए एक बड़ा सरप्राइज है। फिल्म का हाल ही में पहला टीजर रिलीज हुआ। जिसे देखकर दर्शकों को ऐसा लगा कि इसका हिस्सा क्रिस इवांस भी होंगे। वह कैप्टन अमेरिका के तौर पर इस फिल्म में वापस नजर आ सकते हैं। टीजर में एक खेत से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है और बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव ने नीला हेलमेट पहना है, जो फैंस को कैप्टन अमेरिका (क्रिस इंवास) के कॉस्ट्यूम की याद दिलाता है। स्टीव के हाथ में एक नवजात बच्चे भी है। इसके साथ ही टीजर खत्म हो जाता है।



# हैप्पी पटेल का ट्रेलर रिलीज, वीर पर भारी पड़े आमिर- इमरान


**मुंबई।** वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मजेदार लग रही है। 2 मिनट और 38 सेकेंड में इसमें कॉमेडी का भरपूर डोज है, जमकर गालियां हैं और एक बेवकूफ सीक्रेट एजेंट है, जो काम कम और गलतियां ज्यादा करता है। ट्रेलर की शुरुआत 'अल्फा मेल-अल्फा मेल' की गूंज से होती है, जो इसके हीरो और को-डायरेक्टर वीर दास के लिए है, लेकिन असल मजमा लूट ले जाते हैं आमिर खान और पर्दे पर 10 साल बाद कमबैक कर रहे उनके भांजे इमरान खान। ट्रेलर अपने पहले फ्रेम से ही यह साफ कर देता है कि यह फिल्म कोई स्पाई एक्शन थ्रिलर नहीं, बल्कि अपने हल्के-फुल्के अंदाज, अजीब किरदारों और कॉमिक ट्विस्ट से दर्शकों का मनोरंजन करने वाली है।



# वही पुरानी कहानी, फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नहीं

**नई दिल्ली।** रिश्ते रहें ना रहें प्यार तो हमेशा रहता है। दोस्ती, रिलेशनशिप और प्यार की अहमियत को दिखाती चार लड़कियों की कहानी वाला शो 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का चौथा सीजन शुक्रवार को रिलीज हो चुका है। ये सीरीज का फाइनल सीजन है। 2019 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को महिलाओं की कहानी और उनकी बोल्डनेस के चलते दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया था। हालांकि, तीसरा सीजन आते-आते कहानी कहीं न कहीं सिर्फ बोल्डनेस तक सीमित रह गई और नयापन खोने लगी। इस सीजन में सीरीज के फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नया नहीं लगता है। पिछले तीन सीजन की तरह ही सीरीज प्यार रिलेशनशिप, एलजीबीटक्यू और दोस्ती को लेकर मैसेज देने का प्रयास करती है। जिसमे कहीं-कहीं सफल भी होती है।

## टीवी मसाला



# 14 साल बाद टीवी पर लौटेंगे अक्षय होस्ट करेंगे व्हील ऑफ फॉर्च्यून शो

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार फिल्मों में लोगों को एंटरटेन करने के बाद अब 14 साल बाद टीवी पर गेम खिलाने के लिए आ रहे हैं। वो एमी अवॉर्ड विनर टीवी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारत में लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। आठ बार एमी अवॉर्ड जीतने वाला अमेरिका का नंबर वन टेलीविजन गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' अब भारत में सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार शो में बतौर होस्ट शामिल होंगे। सोनी टीवी की ओर से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया गया, 'दुनिया के सबसे बड़े टेलीविजन गेम शो ने भारत को नमस्ते कहा है।' इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट और कंटेस्टेंट के नाम सामने नहीं आए हैं। इस गेम शो से जुड़ने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने भी खुशी जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' दुनिया भर में लाखों लोगों का पसंदीदा शो रहा है। मैं इसके भारतीय संस्करण को यहां के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। कई पीढ़ियों से चली आ रही शो की लोकप्रियता और पहेलियां सुलझाने का रोमांच इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बना चुका है। मुझे भरोसा है कि भारतीय दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेंगे।

## पलक झपकाने का नहीं मिलेगा मौका

नई दिल्ली। माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' 19 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हो गई है। इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के कुल 6 एपिसोड्स एक साथ रिलीज हुए हैं। हर कातिल कत्ल के पीछे कोई ना




कोई सबूत छोड़ जाता है, लेकिन यहां माजरा थोड़ा उल्टा है। यहां कातिल बताकर जाता है कि मारने वाला वही था। इस सीरीज में पलक झपकाने का समय नहीं मिलेगा, क्योंकि हर पल कोई ना कोई नया मोड़ आ जाता है यानी ट्विस्ट और टर्न की भरमार के मामले में तो पूरे नंबर मिलने चाहिए। आखिर तक पता नहीं चल पाएगा कि आखिर कातिल है कौन। हर क्राइम-थ्रिलर की ही तरह ये सीरीज भी सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री की परतें एक-एक कर खोलती है। कहानी है एक सीरियल किलर की, जो मुंबई में एक के बाद एक कत्ल किए जा रहा है और हत्या करने का तरीका एक जैसा ही है। सभी को रस्सी से दम घोंटकर मारा जाता है। सीरीज की कहानी शुरु होती है ऐसे ही मुंबई में एक्टर विराट मल्होत्रा के कत्ल से। पुलिस कमिश्नर अरुण खत्री मौका-ए-वारदात पर पहुंचते हैं।

# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक, इस वीकेंड ओटीटी पर लगा एंटरटेनमेंट का फुल तड़का

**नई दिल्ली।** अगर आप वीकेंड पर घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेना चाहते हैं, तो यह हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। रोमांस, हॉरर-कॉमेडी, क्राइम थ्रिलर और डार्क ड्रामा- हर जॉनर को पसंद करने वालों के लिए इस बार कुछ न कुछ खास मौजूद है। दिसंबर के इस वीकेंड पर कुल 5 नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हुई हैं, जो आपकी बिंज-वॉच लिस्ट को और लंबा करने वाली हैं।

### शुभचिंतक

गुजराती सिनेमा को एक नया और बोल्ड मोड़ देती है 'शुभचिंतक', जो 18 दिसंबर 2025 से शेमारू मी पर स्ट्रीम हो रही है। यह डार्क कॉमेडी-थ्रिलर एक ऐसे नौसिखिए की कहानी है, जो बदला लेने के लिए हनी-ट्रैप का सहारा लेता है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, वह खुद नैतिक उलझनों और अप्रत्याशित हालात में फंस जाता है। सस्पेंस और डार्क कॉमेडी का यह मिश्रण दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का दम रखता है।



### थामा

वहीं, मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पेशकश 'थामा' अब थिएटर के बाद ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 16 दिसंबर 2025 से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध यह फिल्म रोमांस और डर का दिलचस्प कॉम्बिनेशन पेश करती है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के साथ फिल्म हल्के-फुल्के हास्य के बीच हॉरर का तड़का लगाती है, जो इस फ्रेंचाइजी के फैंस को खासा पसंद आने वाला है।

### एक दीवाने की दीवानियत

नेटफ्लिक्स पर 16 दिसंबर से स्ट्रीम हो रही 'एक दीवाने की दीवानियत' एक इंटेंस रोमांटिक ड्रामा है। कहानी एक ऐसे आशिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी मोहब्बत धीरे-धीरे जुनून में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की केमिस्ट्री इस कहानी को और भी भावनात्मक बना देती है। यह सीरीज प्यार, पागलपन और पजेसिवनेस के बीच की महीन रेखा को दिखाती है।

### मिसेज देशपांडे

19 दिसंबर 2025 को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई 'मिसेज देशपांडे' खासतौर पर माधुरी दीक्षित के फैंस के लिए बड़ी ट्रीट है। इस क्राइम थ्रिलर में वह एक सीरियल किलर के किरदार में नजर आती हैं, जो पुलिस को एक कॉपीकैट किलर पकड़ने में मदद करती है। फ्रेंच सीरीज ला मांते से प्रेरित यह शो सस्पेंस और साइकोलॉजिकल ट्विस्ट से भरपूर है।

# 3 इडियट्स की सीक्वल होगी 4 इडियट्स और चौथा एक्टर होगा तगड़ा सुपरस्टार!

मुंबई। आमिर खान की सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की बात जोरों पर है। इन सबके बीच, फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इसका टाइटल '4 इडियट्स' हो सकता है और चौथे इडियट को ढूंढने के लिए मेकर्स जोर-शोर से जुटे हुए हैं। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसका टाइटल है 4 इडियट्स। हालांकि, यह टाइटल अभी बदला जा सकता है, मेकर्स इस फ्रेंचाइजी को इसकी पुरानी तिकड़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक सुपरस्टार की तलाश में हैं। निर्माता चौथे इडियट की खोज में जुटे हैं, जो एक सुपरस्टार हो सकता है। लेखन का काम जारी है और टीम यह तय करने में लगी है कि यह और भी बड़ी और बेहतर हो और पहले पार्ट के अंत से आगे बढ़े। हालांकि, यह सिर्फ एक साधारण सिलसिला नहीं होगा, बल्कि इसमें नए एलिमेंट भी शामिल किए जाएंगे ताकि चौथे लीड स्टार को शामिल करना बेहतर साबित हो सके।



### एक कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई 3 इडियट्स

*जहां उम्मीद है कि आमिर खान, आर. माधवन, शरमन जोशी और करीना कपूर खान से 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म से अपने रोल्स को दोहराएंगे, वहीं चौथे इडियट को लेकर अटकलें जल्द ही सबके बीच आएंगी। '4 इडियट्स' केवल एक अस्थायी टाइटल है और बाद में इसमें बदलाव हो भी सकता है और नहीं भी। फिर भी, चौथे एक्टर को लेकर बातें जोरों पर हैं, जो संभवतः एक सुपरस्टार हो सकता है। 2009 में रिलीज हुई फिल्म '3 इडियट्स' एक कल्ट क्लासिक बन गई और इसने भारत की शिक्षा प्रणाली पर देशव्यापी बहस छेड़ दी। इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया और उस समय बॉलीवुड के लिए नए मानक स्थापित किया। इसके सीक्वल का निर्देशन राजकुमार हिरानी करेंगे।*

## अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया

# अमिताभ की फिल्म में दद्दू के किरदार से मशहूर हुए ओम प्रकाश

एजेंसी ⏭ मनई दिल्ली

ओम प्रकाश बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया। उन्हें कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर भी याद किया जाता है। अपने कॅरियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। वह जो भी किरदार निभाते थे, उसमें पूरी तरह से ढल जाते थे। अभिनेता के अलावा वह निर्माता भी थे।

### 12 साल की उम्र में संगीत सीखना किया शुरू

19 दिसंबर 1919 को जम्मू में जन्मे ओम प्रकाश का पूरा नाम ओम प्रकाश बख्शी था। उनकी शुरुआती पढ़ाई लाहौर में हुई जो अब पाकिस्तान में है। बचपन से ही उन्हें कला में दिलचस्पी थी। वह लगभग 12 साल के थे, जब उन्होंने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेनी शुरू की। साल 1937 में उन्होंने 'ऑल इंडिया रेडियो' में काम करना शुरू किया। उनके प्रोग्राम 'फतेहदीन' को काफी सराहना मिली।

### शादी की दावत में मिला फिल्म का ऑफर

सिनेमा में आने की ओम प्रकाश की कहानी दिलचस्प है। वह अपने दोस्त की शादी में गए थे। वहां दलसुख पंचोली ने उन्हें देखा और लाहौर बुलाया। इसके बाद उन्हें फिल्म 'दासी' 1950 में काम करने का मौका दिया। यह उनकी पहली बोलती फिल्म थी।



### आखिरी वक्त

ओम प्रकाश अपने आखिरी वक्त में बीमार हो गए थे। दिल का दौरा पड़ने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर वह कोमा में चले गए थे। 21 फरवरी, 1998 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### इन फिल्मों में की बेहतरीन अदाकारी

'दासी' के बाद उन्हें कई बेहतरीन फिल्में मिलीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा के कई बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। उन्होंने जूली, पड़ोसन, दस लाख, बैराग, चुपके-चुपके, नमक हलाल, शराबी, खानदान, प्यार किए जा, चौकीदार, आंधी, लावारिस, लोफर और जंजीर जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया। उनकी आखिरी फिल्म 'नौकर बीवी का' (1983) है।

### बिग बी के साथ की शानदार अदाकारी

ओम प्रकाश को सबसे ज्यादा पहचान अमिताभ बच्चन की दो फिल्मों से मिली। फिल्म नमक हलाल में ओम प्रकाश ने दद्दू का किरदार निभाया। इस किरदार को आज भी याद किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म शराबी में मुंशीलाल का किरदार निभाया, जिसे आज भी लोग सराहते हैं।

### 60 के दशक में प्रोड्यूस की फिल्में

ओम प्रकाश एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ एक बेहतरीन निर्माता भी थे। 60 के दशक में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई। इसके तहत उन्होंने भैयाजी, चाचा जिंदाबाद, गेटवे ऑफ इंडिया और संजोग जैसी फिल्में बनाईं। ओम प्रकाश ने फिल्म कन्हैया' का निर्माण किया था। इसमें राज कपूर और नूतन ने अभिनय किया था।

### दिलचस्प है लव लाइफ

ओम प्रकाश की लव लाइफ दिलचस्प, लेकिन अधूरी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें एक सिख लड़की से प्यार हो गया था। हालांकि, लड़की के घरवाले उनके खिलाफ थे, क्योंकि वह हिंदू थे। उनकी मां लड़की के घर पर शादी का प्रस्ताव लेकर गई थीं, लेकिन उनके घरवाले नहीं मानें। इसके बाद उन्होंने अलग होने का फैसला किया।

## खबर संक्षेप

### लीनेस क्लब की कार्यकारिणी गठित, शहनाज़ बानो बनी अध्यक्ष



**सक्ती।** आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी जी -1-स्वणिम 2026 के लिए लीनेस क्लब सक्ती की कार्यकारिणी बैठक आहूत कर सर्व सम्मति से लीनेस शहनाज बानो को अध्यक्ष, लीनेस निकहत करीम खान को सचिव एवं लीनेस प्रिया दुबे को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। शहनाज बानो ने कहा कि क्लब की गरिमा को बनाये रखते हुए आप सभी के सहयोग एवं आशीर्वाद से बेहतर कार्य करूगीं। सभी सदस्यों ने भी सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर लीनेस रामकुंवर साहु, मंजु जायसवाल, शालू पाहवा, अनीता सिंह, विजया जायसवाल,ललिता साहु,अनीता राठौर, पूनम साहु, कलेश्वरी साहु, विनीता जायसवाल, अल्का कवर, अमृता सिंह एवं अन्य सदस्य उपास्थित रहे।

### जाटा में धूमधाम से मनी बाबा गुरुघासीदास की जयंती

**बहेराडीह।** समीपस्थ ग्राम जाटा में गुरु घासीदास जयंती पर्व को गांव के सतनाम समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गईं। बाबा गुरु घासीदास के पूजा अर्चना, आरती के पश्चात ध्वज चढ़ाया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत जाटा के सरपंच श्रीमती चंद्रकला सरवन कश्यप, पंच ऋतु बंजारे, श्यामकुमारी पाटले, रूखमणि राजाराम कर्ष एवं सतनाम समाज के मुख्य पुजारी रामप्यारे पाटले, बेदुलाल बंजारे, मोहर्षय मिरि, जय सतनाम समिति के पदाधिकारी दिलीप मिरि, बिरिछ राम पाटले, सुशील बंजारे, जीवन बंजारे, मनोज मिरि, साहेब लाल लहरें, सपन मिरि, समेलाल खूंटे, बिरिछ मिरि, माधव मिरि, डी आर पाटले, रामकुमार पटले एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होकर ध्वजा रोहण कर जयंती मनाया गया।



### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने सैय्यद आबीद

**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सक्ती जिला में महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सैय्यद आबीद को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सक्ती जिला का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश नेतृत्व ने सैय्यद आबीद को यह दायित्व दूसरी बार प्रदान किया है। सैय्यद के जिला अध्यक्ष बनने से सक्ती जिले का अल्पसंख्यक मोर्चा संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाएगा। जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल एवं वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन, सहयोग एवं विश्वास से ही उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व प्राप्त हुआ है। सैय्यद ने कहा कि वह इस दायित्व का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन एवं समर्पण भाव के साथ निर्वहन करेंगे। उनकी इस नियुक्ति पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा एवं जिला भाजपा सक्ती के पदाधिकारियों, मंडल कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## निधन


### श्रीमती जानकी देवी

**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत बड़े सीपत की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती जानकी देवी का लगभग 103 वर्ष की उम्र में 19 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में 20 दिसंबर को सुबह 10 बजे किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं के अलावा ग्रामीण जन शामिल हुए। मुखाग्नि बड़े बेटे महेंद्र नाथ साहू ने दी। वे अपने पीछे बेटा तुलेश्वर साहू, रेवती नाथ साहू के अलावा बेटी नाती पोते का भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं।



### रामलाल साहू

**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत भिलौनी के प्रतिष्ठित नागरिक रामलाल साहू का 14 दिसंबर को 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्री भगवती बाई साहू एवं शांति बाई साहू सहित भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अन्तिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधा में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, स्वजातीय बंधु के अलावा ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### चंद्रिका प्रसाद कश्यप

**अकलतरा।** ग्राम तागा दर्रापारा के प्रतिष्ठित नागरिक चन्द्रिका प्रसाद कश्यप का 15 दिसंबर को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं सजातीय बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## डीपीएस में आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में 8 विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

# सीमा-पार संघर्ष और वैश्विक शांति पर विद्यार्थियों ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में संयुक्त राष्ट्र महासभा (संयुक्त राष्ट्र महासभा) की तर्ज पर एक शैक्षणिक एवं कूटनीतिक सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र की कार्यसूची शांति के लिए उत्पन्न खतरों पर कार्रवाई, आक्रामक परिस्थितियों तथा सीमा-पार संघर्ष जैसे गंभीर वैश्विक मुद्दों पर केंद्रित रही।

इस विशेष सम्मेलन में 8 विभिन्न विद्यालयों से आए कुल 39 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने सशस्त्र संघर्षों, क्षेत्रीय विवाद, सीमा-पार आक्रमण तथा अंतर्राष्ट्रीय कानून के अंतर्गत शांतिपूर्ण समाधान जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। यह मंच विद्यार्थियों के लिए न केवल वैश्विक मुद्दों पर संवाद का अवसर बना, बल्कि कूटनीतिक कौशल, तार्किक चिंतन और नेतृत्व क्षमता को निखारने का सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ। इस सत्र में निम्न विद्यालयों की सहभागिता रही- दिल्ली पब्लिक स्कूल चांपा, हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर, लोटस पब्लिक स्कूल जांजगीर, तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल शिवरीनारायण, मोनेट डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल-रायगढ़, एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल-सक्ती, त्रिलोकी पब्लिक स्कूल-कटघोरा, जी.एल.डी. पब्लिक स्कूल-खैरताल। डी.पी.एस. से निम्न विद्यार्थियों ने विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए सभा में भाग लिया। मन्नत वैष्णव-भारत, पार्थ अग्रवाल-रूस, गर्वित शर्मा-अमेरिका, नम्रता अग्रवाल-यू.ए.ई., विजयलक्ष्मी साहू-न्यूज़ीलैंड, तनिषा यादव-फ्रांस, चैतन्या सिंह-जर्मनी, आरिज़ इक़बाल-बेलारूस, और आर्यन सिदार- पोलैंड। सभी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने तथ्यपूर्ण तर्क, प्रभावी भाषण और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार भी प्रदान किए गए। मन्नत वैष्णव (डी.पी.एस. चांपा) को बेस्ट स्पीकर, तनिशा यादव (डी.पी.एस. चांपा) को बेस्ट आंसर, आस्था डनसेना (मोनेट डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल-रायगढ़) को बेस्ट डेलीगेट, अनुप्रिया (जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर) को बेस्ट क्वेश्चन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह एवं ई.एम.आर.एस. पलाड़ी खुर्द के प्राचार्य मनोज गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के शिक्षक सुभाषचंद्र यादव, सोनू कुमार एवं राजेन दास के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं नृत्य से हुआ। स्वागत भाषण प्रधान शिक्षक लोकेश गाबा एवं केशर कश्यप ने प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन तोशू दुबे, भूमि श्री जीत राय, कनक शेखर राठौर, अनुष्का शुक्ला, चरिता अजय एवं अन्वेषा राठौर ने किया एवं अमित शुक्ला ने आभार प्रदर्शन कर सभी अतिथियों एवं सहभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में मनोज गुप्ता को स्मृति-चिह्न, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए वैश्विक नागरिकता, संवाद और शांति के मूल्यों को समझने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित हुआ, जिसने विद्यालयी शिक्षा को अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया। इस कार्यक्रम को सफलता के मुकाम तक पहुंचाने में शिक्षक निशांत कुमार, प्रधान शिक्षक लोकेश गाबा एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशिष्ट योगदान रहा। साथ ही समस्त सामाजिक विज्ञान विभाग के शिक्षकों ने समन्वय, मार्गदर्शन और सहयोग के माध्यम से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




संयुक्त राष्ट्र महासभा की तर्ज पर आयोजित सत्र में शामिल विद्यार्थी।



भगवान नर-नारायण की पूजा-अर्चना करती मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय।

## मुख्यमंत्री की धर्म पत्नी ने भगवान शिवरीनारायण के दरबार में टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी ने शिवरीनारायण पहुंचकर भगवान नर-नारायण के दरबार में मत्था टेका। शिवरीनारायण प्रथम आगमन पर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने उन्हें भगवान शिवरीनारायण का तैल चित्र भेंट करके शाल, श्रीफल से सम्मानित किया।

■ **बाहर निकलते समय भ्रमण के लिए पहुंचे विद्यार्थियों से की भेंट मुलाकात**

छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय ने शिवरीनारायण पहुंचकर भगवान श्री नर -नारायण का दर्शन पूजन किया। साथ ही उन्होंने नवीं शताब्दी से विराजित चंद्रचूड़ महादेव तथा जगन्नाथ मंदिर में भी दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं संपूर्ण विश्व के कल्याण की कामनाएं की। मंदिर से दर्शन कर बाहर निकलते हुए उन्होंने स्कूल से शिवरीनारायण भ्रमण के लिए आए हुए विद्यार्थियों से भेंट मुलाकात की तथा एक छोटे से छात्र को अपने गोदी में उठा कर दुलार किया। मंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने उन्हें प्रथम बार शिवरीनारायण मठ आगमन के उपलक्ष में भगवान शिवरीनारायण का तैल चित्र भेंट करके शाल, श्रीफल से सम्मानित किया एवं शिवरीनारायण मठ के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर श्रीमती साय के साथ सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, आचार्य प्रज्ञा भारती, भाजपा जिला संगठन प्रभारी राजेंद्र वैष्णव, राहुल थवाईत, विष्णु हरी गुप्ता, बुद्धेश्वर केशरवानी, हिमांशु तिवारी सहित मुख्तियार सुखराम दास, त्यागी जी महाराज, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे, अंकित दुबे व नगरीकगण उपस्थित थे।

## बैठक में 81 ग्राम पंचायत के उपसरपंच एवं पंचों ने रखे अपने-अपने सुझाव



**मालखरौदा।** जनपद पंचायत के सभा कक्ष में क्षेत्र के 81 ग्राम पंचायत के पंच, उपसरपंच का बैठक आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे जहां क्षेत्र के ग्राम पंचायत से पहुंचे पंच तथा उपसरपंच ने अपने विचार रखें तथा संघ का गठन करने हेतु सुझाव रखें।व्यापक चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा गठित सभी स्थाई समिति का हर माह नियमित बैठक हो, सभी समिति के सभापति को आगामी समय में विभागों द्वारा ध्वजारोहण के लिए आमंत्रित किया जाय,पंचों का मासिक मानदेय 2000 रूपये किया जाए तो पार्षदों के समान वार्ड के विकास कार्यों के लिए पंचों को 20 हजार का फंड हर साल शासन द्वारा दिया जाए, तो आगामी आने वाले समय में होने वाले बैठक में पंच संघ गठित किया जाएगा। साथ ही जनपद सीईओ और जिला सीईओ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक मे बड़ी संख्या में क्षेत्र के पंच गण उपस्थित थे।

## पेंशनर भारतीय समाज के श्रेष्ठ मार्गदर्शक : डॉ सोनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

पेंशनर एवं परिवार पेंशनर की सेवा में सक्रिय रूप से देशभर में सक्रिय रूप से कार्यरत एक मात्र राष्ट्रीय संगठन भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ द्वारा शंकर नगर चांपा में राष्ट्रीय पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय एम एम आर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ एम एल सोनार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ जी पी दुबे ने किया। राष्ट्रीय पेंशनर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पेंशनर साथियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ एम एल सोनार ने कहा कि पेंशनर विभिन्न विभागों में लम्बे समय तक अनेकानेक शासकीय दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वाह किए रहते हैं, इस कारण उनमें दीर्घ अनुभव रहता है। दीर्घ अनुभव के कारण ही पेंशनर भारतीय समाज के श्रेष्ठ मार्गदर्शक साबित होते हैं। पेंशनर साथी चाहे वो गांवों में निवास करते हों या फिर महानगरों में अपने आस पास के लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ द्वारा आयोजित यह राष्ट्रीय पेंशनर दिवस एवं पेंशनर सम्मान कार्यक्रम बहुत ही प्रशंसनीय है। कार्यक्रम अध्यक्ष सेवानिवृत्त जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ जी पी दुबे ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के पेंशनरों को सरकार समय पर महंगाई राहत नहीं दे रही है, एरियर्स का भुगतान भी नहीं कर रही है। मोदी की गारंटी को लागू कराने के लिए प्रदेश भर पेंशनरों की एकता अत्यंत आवश्यक है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन 2000 की धारा 49(6) को हटाने हेतु पूरी ताकत के साथ संघर्ष कर रहा है। हमारी एकजुट शक्ति से धारा 49(6) को हटाने में हम शीघ्र ही सफल होंगे। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा जांजगीर चांपा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पेंशनर दिवस एवं सम्मान कार्यक्रम में वरिष्ठ पेंशनर गोकुल दास वैष्णव, रामचरण थवाईत, जगन्नाथ प्रसाद साहू, ओंकार प्रसाद जायसवाल, सुरेश धर दीवान, रतन लाल सोनार, बी एस, राजपूत, मनहरण सिंह राजपूत,नैन सिंह क्षत्रिय,हेमंत कुमार सोनी अवध राम घृत लहरे सहित 35 पेंशनर साथियों को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला कार्यालय प्रमुख रामसेवक सोनी ने किया।

■ **राष्ट्रीय पेंशनर दिवस का किया गया आयोजन**



पेंशनरों को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित करते अतिथि।

## वन्दे मातरम आदर्श विद्यालय के तत्वाधान में निकली सतनाम यात्रा

**मालखरौदा।** वन्दे मातरम आदर्श विद्यालय मालखरौदा में 18 दिसम्बर को बाबा गुरुघासी दास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में बाबा गुरुघासी दास की विधिवत पूजा अर्चना कर श्वेत ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा श्वेत ध्वज और बाबा गुरुघासी दास की प्रतिमा के साथ भव्य सतनाम यात्रा निकाला गया जो विद्यालय से प्रारंभ होकर ब्लॉक मुख्यालय होते हुए बीरभांठा चौक से ब्लाक कालोनी स्थित जैत स्तंभ पहुंचे, जहां विद्यार्थियों द्वारा वन्दे मातरम -जय सतनाम, जय सतनाम और मनखे मनखे एक समान - बाबा गुरु घासीदास जी है महान की उदघोष के साथ जैत स्तंभ में विधिवत पूजा अर्चना कर बाबा गुरुघासी दास से आशीर्वाद प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक लालू गबेल द्वारा सभी को बाबा गुरुघासी दास की जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित किए और प्राचार्य बी.डी. मेहेर द्वारा बाबा गुरुघासी दास के मानव जीवन में सुधार हेतु दिए गए उनके उपदेशों को आत्मसात करने विद्यार्थियों को प्रेरित किए। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यालय परिवार शामिल रहे।



## नए विधानसभा भवन का भ्रमण कर शिक्षकों ने देखी सदन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला अकलतरा के शिक्षकों एवं परिजनों द्वारा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के सहयोग से नया रायपुर स्थित नवनिर्मित विधानसभा भवन का भ्रमण कर विधानसभा की कार्यवाही देखी गई।

इस दौरान शीतकालीन सत्र में विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने अकलतरा विधानसभा के क्षेत्र सहित प्रदेश के विभिन्न एवं प्रमुख ज्वलंत समस्याओं को सदन में रखा इसके साथ ही उन्होंने अन्नपूरक बजट में आयोजित विशेष चर्चा में सहभागिता निभाई। विधानसभा की कार्रवाई देखने के बाद विधायक के द्वारा शिक्षकों को नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत से भी भेंट कराया गया।इसके साथ ही शिक्षकों ने पुरखौती मुक्तांगन नया रायपुर का भ्रमण किया, जहां पर छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जनजातियों की संस्कृति, सभ्यता, लोक नृत्य, लोकगीत, संग्रहालय, एवं आदिवासियों की समृद्ध परंपरा से अवगत हुए।शैक्षणिक भ्रमण में प्राचार्य हरीश कुमार चौहान, शिक्षक गण, रविंद्र सिंह बैस, अंबिका कंवर प्रेमलता कुर्रे, पुष्पा जयसवाल, धनाराम राय, गीता सावलानी, रवि कमल, गोपी सावलानी, काव्य सिंह , रोहित धुर्वे, अभिषेक बृजवानी एवं शिक्षकों के परिजन शामिल थे।



विधायक राघवेन्द्र सिंह के साथ उपस्थित शिक्षक व परिजन।

## हर्षोल्लास से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती के अवसर पर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ब्लॉक अकलतरा, अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ, डॉ. अंबेडकर विचार युवा संगठन एवं गुरु घासीदास विकास समिति वार्ड क्रमांक 13 के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत नगर के कॉलेज रोड स्थित मिनीमाता मंगल भवन में बाबा गुरु घासीदास के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना से की गई। इसके पश्चात मिनीमाता मंगल भवन से तहसील स्तरीय भव्य सतनाम शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कॉलेज रोड, थाना रोड, बजरंग चौक, मस्जिद रोड, स्टेशन रोड, भगवान परम शास्त्री चौक, पोस्ट ऑफिस मार्ग, आजाद चौक एवं अंबेडकर चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल वार्ड क्रमांक 13 स्थित गुरु घासीदास चौक पहुंची। शोभायात्रा के दौरान बाबा गुरु घासीदास की जय के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। डीजे आकर्षण का केंद्र रहा। गुरु घासीदास चौक पहुंचने पर वहां स्थित जैतखंभ में पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक लोक कला मंच द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसका समाज के लोगों ने देर रात तक आनंद लिया। इसके साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



शोभा यात्रा में शामिल समाज के लोग।

## दो दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

# दौड़, ऊंची कुद, गोला फेंक एवं रस्सा कसी में बच्चों ने उत्साह पूर्वक लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रांगण में 20 दिसंबर को वार्षिक खेल-कुद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय प्राचार्य श्रीमती गुरमीत कौर धनजल, विद्यालय अध्यक्ष अशोक कुमार गट्टानी एवं विद्यालय संचालक अजय कुमार गट्टानी ने मशाल प्रज्वलित करके बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

कार्यक्रम को संचालक अशोक कुमार गट्टानी ने संबोधित करते सभी छात्र-छात्राओं से खेल के प्रति सभी को जागरुक रहने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष अशोक कुमार गट्टानी, संचालक अजय गट्टानी, प्रबंधक हर्षित गट्टानी, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती गुरमीत कौर धंजल एवं प्रबंधन समिति के सदस्य श्रीमती गंगा गट्टानी, सुनीता गट्टानी हर्षिनी हर्ष गट्टानी, कृष्णा गट्टानी उपस्थित थे। इसके पश्चात विद्यालय अध्यक्ष अशोक कुमार गट्टानी एवं प्राचार्या द्वारा प्रेरणा उद्बोधन देते हुए जीवन में खेलों का महत्व, खेलों का स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव बताया। दल प्रमुख द्वारा हाऊस ध्वज फहराया एवं (स्काऊट) बैंड बजाकर कार्यक्रम आरंभ कराया गया। विद्यालय को चार वर्ग (सत्या, क्षमा, दया, शांति) में बांटा गया था। बच्चों ने विविध खेलों में प्रतिभागी रहें दल के प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने खेलों का प्रतिस्पर्धा कराया। खेल प्रभारी शिक्षकों ने उच्चस्तरीय कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा दौड़ कार्यक्रम से शुभारंभ किया। खेल कुद के कार्यक्रम दो दिवसीय आयोजित किए गए जिसमें सभी प्रकार के खेल सम्मिलित किए गए है। उच्च उच्चतर कक्षाओं में ऊंची कुद, लंबी कुद, रस्सी कुद, गोला फेंक, रस्सा कसी जैसे कार्यक्रम सम्मिलित किए गए तथा प्राथमिक तथा माध्यमिक कक्षाओं में चम्मच दौड़ जलेबी दौड़ जैसे कार्यक्रम सम्मिलित किए गए। वर्गवार रिलेरेस दौड़ का आयोजन किया जिसमें बच्चों ने काफी उत्साह दिखाया। दूसरे दिन के कार्यक्रम के अंत में प्राथमिक स्तर के कक्षाओं के खेलों का आयोजन कराया जाएगा। खेलों के दौरान समस्त छात्र, छात्राओं को खेल स्तर द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्र/छात्राओं को मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़ लगाते प्रतिभागी छात्र-छात्राएं।

## दशहरा मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**बिर्रा।** बिर्रा के दशहरा मैदान में बीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार 21 दिसंबर को होगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के दशहरा मैदान में बीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 21 दिसंबर दिन रविवार को शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में मोहन कुमार साहू ने बताया कि इस क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 3100 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। इसमें प्रथम पुरस्कार 60000 एवं ट्रॉफी और द्वितीय पुरस्कार 30000 रुपए एवं ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप इनाम दिया जाएगा। क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजक समिति के पदाधिकारियों और ग्रामवासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

